(b) if so, the details thereof; Statewise;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) whether any steps have been taken/proposed to be taken to make those schemes more effective?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION I SHRI GIRIDHAR GOMANGO); (a) to (d) The Planning Commission has not conducted any separate study regarding effective implementation of various Centrally sponsored schemes in Northern States of Jammu & Kashmir, Uttar Pradesh and Himachal Pradesh. Scheme are monitored by the administrative ministries concerned. However, the Planning Commission generally reviews the implementation of Plan schemes during the Annual Pljn discussions with the States.

गुजरात में गांवों को सड़कों से जोड़ना

3075. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1000 से 1500 तक की आबादी वाले 50 प्रतिशत गांवों को सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक सड़कों से जोड़ने की परिकल्पना की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो गुजरात में इस योजना के अन्तर्गत अब तक जिलेवार कितने गांवों को सड़कों से जोड़ा गया है ; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान जिलेवार क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) जी, हां।

(ख) ग्रामीण विकास मंत्रालय राज्यों में सड़कों से जोड़े गये गांवों की जिला-वार संख्या के बारे में सूचना नहीं रखता है।

(ग) चूंकि ग्रामीण सड़कों का निर्माण करना न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य का विषय है, केन्द्र सरकार इस संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं करती है।

गुजरात में डी० डब्ल्यू० सी० आर० ए० योजनाएं

3076. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कितने जिलों में डी० डब्ल्यू० सी० आर० ए० योजनायें आरम्भ की गई हैं ;

(ख) गत वर्ष के दौरान इन जिलों में किये गये कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा गुजरात के कौन-कौन से जिलों में ये योजनायें आरम्भ किये जाने का विचार है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) गुजरात में ग्रामीण महिला तथा शिशु विकास योजना (डवाकरा) 13 जिलों में शुरू की गई है।

(ख) प्रमुख कार्य हैं—सिलाई, निटिंग, कढ़ाई, बुनाई, सिले-सिलाये कपड़े, कालीन की बुनाई, डेरी, बकरी पालन, मत्स्यपालन तथा मुर्गीपालन आदि।

(ग) अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

Target fixed under NREP for Gujarat

3077. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what were the targets fixed for Gujarat during 1991-92 under the National Rural Employment Program me and how far the targets have been achieved so far;